डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 13 अक्टूबर, शुक्रवार, 2023

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना – 10

# आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं को मजबूत करने के लिए मध्य प्रदेश में कांग्रेस आ रही है



# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस सेवादल ने बनाया खास प्लान, दांव चला तो बीजेपी की बढ़ेगी मुश्किल !

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस सेवा दल मुख्य संघटक डॉ. संजय यादव तथा बिहार प्रभारी अफरोज खान के संयुक्त नेतृत्व में सेवा दल के प्रतिनिधि तारिक अनवर तथा लालजी भाई देसाई से मुलाकात की तथा अपनी योजनाओं को साझा किया ' आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस सेवा दल अपनी तैयारियां पूरी करते नजर आ रहे हैं. अब कांग्रेस ने सेवादल के जरिए बीजेपी को चोट पहुंचाने का प्लान बनाया है. अब सेवादल नए तेवर और कलेवर के साथ बीजेपी और आरएसएस को जवाब देने के लिए तैयार है. सेवादल को लेकर कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने कहा कि ये बीजेपी के झूठे वादों को गांव-गांव और घर-घर लेकर जाएगा, साथ ही समाज को बचाने के लिए सेवादल योगदान देगा.

2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस एक्टिव हो गई है. इस मुलाकात में आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव की तैयारी को लेकर रणनीति बनी. इसमें सेवा दल की ओर से बीजेपी और आरएसएस के झूठ को बेनकाब करने के साथ शिविर के माध्यम से नए सदस्य बनाने के अभियान की शुरुआत की चर्चा की गई . उन्होंने कहा कि सेवादल के स्वयंसेवक तमाम परिस्थितियों से जूझते





हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विचारधारा को मुंहतोड़ जवाब देने जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि हम सेवादल को और नए कलेवर में ढालने के लिए प्रशिक्षण और जरूरी संसाधन सामग्री तैयार कर रहे हैं, क्योंकि वर्तमान में भारत की जो विचारधारा है वो संकट से गुजर रही है, जिसकी वजह से इंसान-इंसान में भेद हो रहा है. इससे मानवीय परंपराएं टूट रही हैं और ऐसे में देश को बचाने की जिम्मेदारी कांग्रेस की है.

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लालजी भाई देसाई ने कहा कि सेवादल के कार्यकर्ता अपनी भरपूर शक्ति से 2024 के चुनाव की तैयारी में अभी से जुड़ जाएं क्योंकि वक्त कम है, काम ज्यादा है और मार्ग भी कठिन है. तारिक अनवर ने



कहा की 'संघर्ष के दौर में सेवादल ने हमेशा अपनी महत्वपूर्ण अग्रणी भूमिका निभाई है और एक बार फिर से संघर्ष कर के हम 2024 में सरकार बनावाएंगे.'

कांग्रेस सेवा दल ने अपने 100 साल पूरे करने में उपलक्ष्य प्रदेश अधिवेशन करने जा रही है जिसमे देश प्रदेश से हजारों प्रतिनिधि भाग लेंगे. कांग्रेस सेवादल अब इस प्रदेश अधिवेशन के माध्यम से नए सदस्यों को सेवादल में जोड़ेगी जो गांव-गांव जाकर बीजेपी को बेनकाब करने का काम करेंगे.

इस प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष मोहम्मद रजा खान, प्रदेश महासचिव आशुतोष कुमार, महिला अध्यक्ष रुचि सिंह, चंदन कुमार शामिल थे '



# आने वाला वक्त कांग्रेस का, बढ़ रहा कांग्रेस का ग्राफ -दीपक सैनी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

शामली जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लिलोन गांव में कराई गई जोईनिंग।माननीया प्रियंका गांधी जी राष्ट्रीय महासचिव एव माननीय अजय राय जी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री जी से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने थामा कांग्रेस का हाथ। कांग्रेस नेता डाक्टर रामलाल कश्यप के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में

दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शामली ने कहा की कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग

ओर दलित समाज की लड़ाई लड रही है आरक्षण को बढ़ाने के लिए।ओर

महिला आरक्षण बिल पास होना चाहिए आज महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। आज की सत्ताधारी सरकार में किसानो का 14 दिनों में गन्ना भुगतान का वादा करने वाली सरकार के द्वारा झुठ बोलकर गुमराह करने का काम किया गया



।किसानों का गन्ना भुगतान नहीं हो पा रहा है।बिजली के बकाया बिलों के नाम पर कनेक्शन काटने का काम किया जा रहा है। वर्तमान सरकार मे आवाज उठाने वालो के ऊपर फर्जी तरीके से मुकदमे दर्ज करके डराने का काम किया जाता है।उजागर करने के लिए सवाल करता है तो उसको जेल में डालने का काम किया जा रहा है

तानाशाही करने में सबसे आगे रहती है भाजपा सरकार।

डाक्टर रामलाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेसी ने कहा की कांग्रेस पार्टी की सरकार चाहे देश में हो या प्रदेश में सभी वर्ग खुशहाली में अपने परिवार का पालन करते थे । जब चुनाव नजदीक आते हैं

सरकार छोटा-सा लोलीपॉप देना शुरू कर देती है। कांग्रेस पार्टी की सरकार ने हमेशा हर समाज को सम्मान देने का काम किया है।किसानों को सम्मान एवं नौजवानों को रोजगार देने का काम केवल कांग्रेस के द्वारा ही किया गया है।वर्तमान सरकार मे महंगाई की दर आसमान को छू रही है।गरीब, मजदूर वर्ग परेशान है। किसान के परिवार कर्ज में डूबकर आत्महत्या करने को मजबूर हो गए हैं। भाजपा को केवल उधोगपतियों की चिंता है।उधोगपतियों का करोड़ों रुपए का कर्ज माफ किया गया है। दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शामली , डाक्टर रामलाल कश्यप कांग्रेस नेता, संदीप शर्मा जिला सचिव, गयुर लिलोन वरिष्ठ कांग्रेसी, महाबीर सैनी,राधेश्याम सैनी, जसबीर कश्यप, इन्द्रपाल कश्यप,लालला कश्यप,सुधीर कश्यप, ओमपाल कश्यप, सचिन उपाध्याय, सुरेंद्र सैनी, अर्जुन पांचाल,संजय कुमार, रवि, हितेंद्र, धमेंद्र कश्यप,, हिमांशु, पवन, राजकुमार प्रिंस, अनिल कुमार, बिनोद, सतपाल, कालुराम कश्यप, आदि मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की गारंटी

- किसानों का कर्ज माफ।
- 100 यूनिट बिजली माफ, 200 यूनिट बिजली हाफ।
- पुरानी पेंशन मिलेगी।
- 500 रूपए में गैस सिलेंडर।
- महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए।
- 5 हॉर्स पॉवर का सिंचाई बिल मुफ्त।
- पिछड़ों को 27% आरक्षण।
- जाति जनगणना होगी।
- 50% से अधिक आदिवासी आबादी वाले इलाको में 6वीं अनुसूची लागू होगी।
- **SC-ST** वर्ग के खाली पदों को भरा जाएगा।
- **PM** आवास योजना के तहत। गांवों में भी शहरी इलाकों जितनी सहायता राशि।
- 'पढ़ो और पढ़ाओ योजना' के तहत कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को हर महीने 500 रुपए, कक्षा 9 से 10 तक 1,000 रुपए, कक्षा 11 से 12 तक 1,500 रुपए स्कॉलरशिप मिलेगी।



## शोक सम्वेदना

**बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने रघुनाथपुर रेल दुर्घटना में मारे गये लोंगो के प्रति गहरी शोक सम्वेदना व्यक्त कि है, तथा उनके परिवारों को शक्ति एवं सम्बल प्रदान करने की इश्वर से प्रार्थना की है।**

**साथ ही डॉ. सिंह ने मोदी सरकार में बढ़ती रेल दुर्घटना पर चिंता व्यक्त की है तथा घायलों की उचित इलाज और मृतकों के परिवार को उचित मुआवजा तत्काल देने की मांग की है.**

**राजेश राठौड़, चेयरमैन, मिडिया विभाग, बिहार कांग्रेस**

# मोदी राज में सवारी अपनी जान की खुद जिम्मेदार है




संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

◉ हवाईहवाई जुमलों वाली सरकार देशवासियों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। पहले कोरोमंडल और अब नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस रेल हादसे ने सरकार की नाकामियों की पोल खोल दी है। प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के फर्जी दावों की कीमत देश की जनता अपनी जान देकर चुका रही है। रेल में सुरक्षा कवच के नाम पर जितने दावे किए गए, आज सबकी पोल खुल गई है। देश की जनता जान गई है कि सरकार केवल टिकट का दाम बढ़ाने के लिए है, यात्रियों की सुरक्षा के लिए नहीं। महज कुछ महीने पहले बालासोर हादसे में सरकार की लापरवाही ने सैकड़ों परिवारों की जिंदगी को हमेशा के लिए वीरान कर दिया था। इस घटना के बाद सरकार ने भविष्य के लिए सब कुछ ठीक होने का दावा किया, मगर यह दावा भी और दावों की तरह ही खतरनाक जुमला साबित हुआ।

◉ आज बिहार के रघुनाथपुर में मरने वाले लोगों के परिजन भाजपा के फर्जी राष्ट्रवाद को जीवन भर माफ नहीं करेंगे। अपने गंतव्य पर सुरक्षित पहुंचने का सपना पाले खिलखिलाते लोगों को सरकार की बेरहमी ने लाशों में तब्दील कर दिया। कई दर्जन यात्री गंभीर रूप से जख्मी हुए। अगर बालासोर हादसे से सबक लेते हुए रेलवे की गड़बड़ी पर प्रधानमंत्री और रेलमंत्री ने जरा सा भी ध्यान दिया होता तो शायद ऐसी भीषण घटना न घटती। रेल मंत्रालय के एक आंकड़े की मानें तो एक दो नहीं, साल भर में 51 हजार से अधिक बार रेलवे का सिग्नल फेल हुआ है। मगर इसको रोकने के लिए कार्रवाई क्या हुई, कुछ पता नहीं। तकनीकी दिक्कतों को रोकने के लिए कितनी एहतियात बरती गई, इसका कोई हिसाब नहीं। आपको याद होगा कि बालासोर हादसे से पहले रेलमंत्री लोगों की सुरक्षा को लेकर एक से बढ़कर एक दावे करते रहे, मगर हादसे के बाद सरकार की लापरवाही को हजारों परिवारों ने झेला।

◉ आज रेलवे में विभिन्न जगहों पर तीन लाख से अधिक पद खाली हैं। इसका नतीजा यह है कि लोको पायलट से लेकर सेफ्टी गार्ड तक रेलवे के हर कर्मचारी पर काम का भार बहुत ज्यादा है। काम के दबाव में भी उनसे अक्सर गलती हो जाती है। मगर, सरकार को इससे क्या ही फर्क पड़ता है। मोदी सरकार बनने के बाद सुरक्षा के लिए रेलवे को मिलने वाले बजट में भी भारी कटौती की गई है। कुर्सी के लिए किसी भी हद तक जाने वाली सरकार को जनता की जान की कोई परवाह नहीं है। अगर जरा सी भी परवाह होती तो कई परिवारों के चूल्हे यूं ही नहीं बुझते। मोदी सरकार अब तक की सबसे नकारा सरकार है। इसमें न तो बुनियादी मर्यादा है, न ही संवेदनशीलता।

◉ पहले रेल हादसों पर रेलमंत्री का इस्तीफा होता था, मगर नैतिक मर्यादा को ताक पर रखने वाली सरकार के मंत्री इस्तीफा देना तो दूर अपनी गलती भी नहीं स्वीकार कर रहे हैं। अपने दायित्वों को निभाने की बजाय तमाशा करने वाली सरकार और उसके मंत्री से आप क्या ही उम्मीद कर सकते हैं। ऐसी आत्ममुग्ध और गैरजवाबदेह सरकार देश ने पहली बार देखी है।

➽ देश जानना चाहता है कि इस सरकार की लापरवाही की कीमत देशवासी कब तक अपनी जान देकर चुकाते रहेंगे?

➽ क्या इन हादसों पर प्रधानमंत्री की कोई जवाबदेही नहीं है?

➽ क्या वे केवल ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के लिए प्रधानमंत्री बने हैं?

# काँग्रेस भवन बेगूसराय में जिला काँग्रेस कमिटी की विस्तारित बैठक

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

काँग्रेस भवन बेगूसराय में जिला काँग्रेस कमिटी की विस्तारित बैठक श्री अभय कुमार सिंह सार्जन जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री सार्जन ने कहा कि जिले के सभी बूथों पर दस-दस यूथ जोड़ने का काम युद्ध स्तर पर जारी रखें।केंद्र सरकार की विभाजनकारी नीति का पर्दाफाश आम जनों के बीच करते रहें। बहुत जल्द जिला कांग्रेस कमिटी की घोषणा हो रही है।

जिला कमिटी के सभी संभावित पदाधिकार यों से मेरा अनुरोध है कि वे सभी अपने-अपने प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के साथ तालमेल कर संगठन को धार दर बनाने का प्रयास करें।

सभी साथियों से अनुरोध है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,काँग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल जी के 2024 के लोक सभा चुनाव में जिस किसी भी व्यक्ति या दल को उम्मीदवारी दी जाएगी उसके कंधे से अपना कंधा मिलाकर हमलोग उन्हें जिताने का प्रयास करेंगे।



भारतीय जनता पार्टी के दुष्प्रचार में नही पड़े। जनहित के मुद्दों पर अपनी वेवाक राय रखें।

बैठक को रामविलास सिंह,शिवशंकर पोद्दार,लखन पासवान, नारायण सिंह,महेश सिंह,केडी हिमांशु,मिथिलेश झा, मुरलीधर मुरारी,सुबोध कुमार,बद्री सिंह,सुखदेव साह,अमित यादव,रामसागर सिंह,रामचन्द्र सिंह, रूबी शर्मा,राजदेव पासवान,प्रभात भारती,मो.मतीन,अनुपम कुमार अन्नू, स्वप्निल सोनू,उदय सिंह,रेणु देवी,जिला प्रवक्ता रणजीत कुमार मुखिया जी, रामप्रकाश सिंह,संजय सम्राट, ब्रजेश प्रिंस,कौशल किशोर,मदन मोहन,सुरेंद्र डॉक्टर,ओमप्रकाश कुमार,बालेश्वर महतो,संजय चौधरी,मो.जुबेर,प्रमोद साह,रामानुज कुँवर, मो.नाज,सुरेश राय,उमेश प्रसाद,अशोक सिंह,नवीन सिंह,अनिल राय,गिरधर गोपाल,सुनील सिंह,मुकेश कुमार गुड्डू,श्री राम सिंह,विक्रम कुमार,मो.रिजवी,रामसागर सिंह, शिवकुमार सिंह सहित पार्टी के बीपीसीसी डेलीगेट,मोचा संगठन के अध्यक्ष गण,प्रखंड अध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्ष गणों ने 2024 लोकसभा चुनाव में बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से पार्टी का उम्मीदवार बनाये जाने पर जोर दिया।साथ-साथ बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर 13 महत्वपूर्ण रेलगाड़ी के ठहराव के लिए आवाज उठाने का संकल्प लिया।

## सभी सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन



प्रखंड कांग्रेस कमेटी गढ़पूरा के द्वारा कुम्हारसों पंचायत में सभी सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष अभाष कुमार झा जी के अध्यक्षता में किया गया ईस बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार गौरबनिधी ने किया आज इस बैठक में कुम्हारसों पंचायत में पंचायत अध्यक्ष सर्वसम्मती से बलराम पंडित को बनाया गया।बैठक में महिला प्रखंड प्रखंड अध्यक्ष गायत्री देवी प्रखंड महासचिव रजनी देवी प्रखंड उपाध्यक्ष रामप्रवेश शंभू राय संजय राय मोहम्मद खलील सभी उपस्थित थे।

# विरोध मार्च व प्रतिवाद सभा आयोजित

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

**बाजकुल, पूर्वी मेदिनीपुर ।**

कामदुनी बलात्कार मामले में पश्चिम बंगाल सरकार की लापरवाही के कारण पश्चिम बंगाल प्रदेश के निर्देश पर सीआईडी और राज्य पुलिस की जांच और सरकारी वकील की निष्क्रियता के कारण अपराधियों को बरी कर दिया गया और उनकी सजा कम कर दी गई। कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को पूर्वी मेदिनीपुर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मानस करमहापात्र ने बाजकुले में रैली निकाली। विरोध मार्च




व प्रतिवाद सभा आयोजित की गयी. मानस करमहापात्र कामदुनी ने अपराधियों के लिए अनुकरणीय सजा की मांग की और पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने का संदेश दिया। आज की विरोध सभा में प्रांतीय कांग्रेस सोशल मीडिया सेल संयोजक एवं जिला कांग्रेस महासचिव शिउ मैती, उपाध्यक्ष मसीउर रहमान, प्रांत कांग्रेस सचिव तापस कुमार मैती, जिला सचिव विश्वरंजन मंडल, आलोक मिश्रा, प्रांत अल्पसंख्यक सेल सचिव सफीरुद्दीन खान, जिला महिला नेता गीता सामंत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष असित पात्रा, सेक्रेटरी नुरुल इस्लाम, स्वपन महंती, मनोरंजन जना, विश्वजीत पाणिग्रही, सेक्रेटरी रेजाबुल, असरफुलतुल्ला, कांग्रेस नेता पार्थप्रतिम रॉय, सेक्रेटरी सनवर, विश्वजीत पाल, समसुल आलम खान, मोतिहार अली खान, जिला और ब्लॉक नेता और विभिन्न शाखा संगठन नेतृत्व और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कृषि विभाग के सभापति एवम सदस्य को ज्ञापन

**संवाददाता । कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी गया एवं जहानाबाद सोशल मीडिया विभाग शौकत निशात उर्फ नवाब अली ने गया जिला एवं गुरूआ विधानसभा की कृषि की समस्या के निदान के लिए लगातार जमीनी स्तर पर संघर्ष कर रहे है, नवाब अली ने कहा की कृषि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसको देखते हुए उन्होंने कृषि के सम्बंध में तमाम समस्याओ के निदान के लिए कृषि विभाग के सभापति एवम सदस्य को 5 अगस्त 2023 को ज्ञापन दिया था और जमीनी स्तर पर सुधार हो इसके सम्बन्ध में लगातार काम भी कर रहे है।



उद्यान निदेशालय, बिहार

पत्र संख्या : 13/उ० नि०-68/2021- 1315 /उ० पटना, दिनांक 04/10/2023

प्रेषक,

अभिषेक कुमार
निदेशक उद्यान, बिहार।

सेवा में,

शौकत निशात उर्फ नवाब अली,
पुत्र–मो० निशात अली (वरिष्ट नेता कांग्रेस),
पौत्र–कैप्टन मो० शाहजहाँ (पूर्व विधायक शेरघाटी,
गुरूआ –सह– कैबिनेट एवं चेयरमैन, खादीग्राम उद्योग
एवं विलेज इण्डस्ट्रीज, गया, बिहार, मो०–9931635457

विषय : बागवानी से वंचित कृषको को मदद करने के संबंध में।

प्रसंग : उप निदेशक, पौधा संरक्षण, मुख्यालय प्रयोगशाला –सह– नोडल पदाधिकारी, E-Compliance Dashboard का पत्रांक–4492 दिनांक 20.09.2023 के साथ संलग्न E-Compliance I.D. No.-2023043997

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा माननीय बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष –सह– राज्यसभा सांसद श्री डॉ० अखिलेश प्रसाद सिंह जी पटना, बिहार को सम्बोधित आवेदन जो उनके कार्यालय, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटि, सदाकत आश्रम, पटना का पत्रांक–208 दिनांक 07.09.2023 के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार को सम्बोधित आग्रह पत्र में गुरूआ विधान सभा की कृषि के संबंध में समस्याओं के निदान हेतु विभिन्न विषयों पर अनुरोध किया गया है, जिसमें बागवानी की सुविधा उद्यान निदेशालय से संबंधित है। इसके अतिरिक्त अन्य विषय उद्यान निदेशालय से संबंधित नहीं है।

अतः अपने जिलान्तर्गत सहायक निदेशक उद्यान, गया (मो० 9431818982) से सम्पर्क स्थापित कर अथवा https://horticulture.bihar.gov.in लिंक पर Click कर बागवानी से संबंधित योजना की जानकारी एवं आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

विश्वासभाजन
(अभिषेक कुमार)
निदेशक उद्यान, बिहार।

ज्ञापांक :- 1315 /उ० पटना, दिनांक 04/10/2023

प्रतिलिपि :–सहायक निदेशक उद्यान, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि आवेदक को बागवानी योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान किया जाय।

प्रतिलिपि :–डॉ० अखिलेश प्रसाद सिंह, माननीय बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष –सह– राज्यसभा सांसद को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– उप निदेशक, पौधा संरक्षण, मुख्यालय प्रयोगशाला –सह– नोडल पदाधिकारी, E-Compliance Dashboard, कृषि निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक उद्यान, बिहार।



कृषि विभाग और कृषि पदाधिकारी को गया जिला के अंतर्गत तमाम विधानसभा जिसमे गुरूआ विधानसभा भी आता है उस पर गंभीरता से काम करने और तमाम समस्याओं का समाधान जल्द निकले उसके लिए उन्होंने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद माननीय श्री डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी को भी सारी बातों से अवगत कराया था फिर बिहार सरकार के मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी को प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा ध्यान आकर्षित करवाया गया था।

बिहार सरकार जिस प्रकार से हर क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है, वो कृषि के प्रति भी गंभीर है इसलिए समिति का गठन किया गया है। नवाब अली ने कहा की उम्मीद है बिहार सरकार के मुख्यमंत्री जी इस अति गंभीर मुद्दे को अपने संज्ञान में लेते हुए जल्द ही तमाम समस्याओं का समाधान निकालेंगे।

गुरूआ विधानसभा के युवा नेता शौकत निशात उर्फ नवाब अली ने पूरे गया जिला के वासियों से भी निवेदन किया है की जिस प्रकार से मंहगाई, बेरोजगारी को लेकर आवाम गंभीर रहती है, ठीक उसी तरह कृषि को लेकर भी गंभीर होना होगा और नई पीढ़ी जिन्हे कृषि में रुचि नहीं है उन्हें भी कृषि के प्रति रुचि लेना होगा, तभी असल माने में एग्रीकल्चर में रिवोल्यूशन आयेगा।

उसी कड़ी में कृषि, बागवानी से वंचित कृषकों को मदद करने करने के लिए नवाब अली ने जो बिहार सरकार के मुख्यमंत्री से आग्रह किया था, उसको लेकर उद्यान निदेशालय द्वारा उन्हें एक पत्र भेजा गया है।

उस पत्र में जिलांतर्गत सहायक निदेशक उद्यान विभाग का नंबर उपलब्ध कराया गया है, जिससे पूरे गया जिला के अंतर्गत कृषि, बागवानी से संबंधित कार्य के लिए संपर्क किया जा सकता है और तमाम समस्यायो का समाधान भी निकलेगा।

# महिला स्वाभिमान न्याय सम्मलेन

**संवाददाता । कांग्रेस दर्पण**



महिला स्वाभिमान न्याय यात्रा के तहत उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला जी नैनीताल में महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट जी के नेतृत्व में आयोजित महिला स्वाभिमान न्याय सम्मलेन में शामिल हुईं। सम्मेलन में अंकिता भंडारी की हत्या के लिए सीबीआई जांच की मांग की गई और उत्तराखंड में बढ़ते बलात्कार, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी और प्रदेश सरकार की हर घर शराब लाइसेंस योजना के खिलाफ वहाँ की माताओं, युवाओं और बहनों से आवाहन किया गया की उत्तराखंड बचाने की इस मुहीम में आप हमारे साथ आइये। इस मौके पर पूर्व विधायक बड़े भाई संजीव आर्या जी, पूर्व संसद प्रत्यासी प्रदीप तम्ता जी, जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल जी, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव शिवानी थपलियाल मिश्रा जी, नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल जी, एन एस यू अध्यक्ष आई शार्दुल नेगी जी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

# पारामेडिकल नामांकन सूचना सत्र 2023

**Last Date of Filling of Examination Form : 05/10/2023**
**Date of Entrance Test : 07/10/2023**
**Announcement of Result : 08/10/2023**
**Admission Procedure Start from : 09 to 14/10/2023**

## PARA-MEDICAL (DEGREE COURSE)

- Bachelor in Occupational Therapy (BOT)
- Bachelor in Ophthalmology (B.Opth)
- Bachelor in Medical Laboratory Technology (BMLT)
- Bachelor in Operation Theatre Technology (BOTT)
- Bachelor in Physiotherapy (BPT)
- Bachelor in Hospital Management (BHM)

**Qualification :** 12th with Bio. I **Duration -** 4 Yrs. & 6 Months

## PARA-MEDICAL (DIPLOMA COURSE)

- Diploma in Physiotherapy (DPT)
- Diploma in Ophthalmic Assistant (DOA)
- Diploma in Medical Laboratory Technology (DMLT)
- Diploma in Medical Radio Imagining Technology (DMRIT)
- Diploma in Operation Theatre Assistant (DOTA)
- Dresser (CMD)

**Qualification : I.SC.** (PHY.,CHEM. BIO, & ENGLISH)

# माँ कमला चंद्रिका जी विद्यापीठ
## (पारामेडिकल कॉलेज)

Recognised By : Department of Health, Govt. of Bihar, Patna
and Affiliated to Bihar University of Health Science, Patna

**Kasiyawa, Hulasganj, Jehanabad**

**पटना कार्यालय :** मिशन 50 , IAS कोचिंग कैंपस, किदवईपुरी, पटना

**9771243093** Email: vidyapeethmaakamla@gmail.com
www.mkcvidyapeeth.com

# विभिन्न मांगों को लेकर 14 दिनों से धरना-प्रदर्शन पर बैठे आंगनबाड़ी सेविकाओं से मिलने पहुंचे युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गरीब दास

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के समक्ष बीते 14 दिनों से अपने पारिश्रमिक मानदेय वृद्धि सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठे आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं से मिलने बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान सेविकाओं एवं सहायिकाओं के द्वारा अपना मांग पत्र प्रदेश अध्यक्ष को दिया गया।जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष गरीब दास के द्वारा प्रदर्शन कर रहे आंगनबाड़ी सेविकाओं से बात कर आश्वासन दिया गया उनके हक एवं अधिकार की लड़ाई में उनके साथ हैं तथा उनके मांग को पूरा करने के लिए वे विभागीय मंत्री मदन सहनी से मिलकर वार्ता कर मांग को पूरा करने का आग्रह करूंगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार के द्वारा विगत दिनों ही आशा दीदी के पारिश्रमिक मानदेय वृद्धि उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा किया गया है। आप लोगों का मांग बिल्कुल जायज है और बहुत जल्द आप लोगों के मांग को भी महागठबंधन सरकार के द्वारा पूरा किया जाएगा।

इस दौरान प्रखंड क्षेत्र से अपने कार्य को लेकर प्रखंड मुख्यालय पहुंचे जनता-जनार्दन से भी मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए और समस्या निवारण हेतु सक्षम पदाधिकारी से बातचीत किया।

इस अवसर पर बेगूसराय जिला कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष राम स्वार्थ साह, मंडल अध्यक्ष इन्द्रदेव राय, कांग्रेस नेता राम प्रकाश साह,अरविंद यादव,मनोज यादव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मो युनीस, कुंदन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## चौरीचौरा की मिट्टी सौंपी

प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी मंडल समीक्षा बैठक के लिए गोरखपुर मंडल में थे।

बैठक में चौरीचौरा से पहुंचे कांग्रेसजनों ने उन्हें चौरीचौरा के उस स्थान की मिट्टी सौंपी जहां स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी।

प्रदेश अध्यक्ष जी ने उस पावन मिट्टी को वाराणसी कांग्रेस के सुपुर्द कर कार्यालय में स्थापित करने का निर्देश दिया।

आज वह पावन माटी कांग्रेस कार्यालय तक ले जाई गयी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल जी एवं महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# भ्रष्टाचार पर करेंगे वार, लाकर कांग्रेस सरकार




संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

◙ मध्यप्रदेश से भाजपा और तेलंगाना से भाजपा रिश्तेदार समिति (बीआरएस) का बोरिया बिस्तर बंधना शुरू हो गया है। इन प्रदेशों की सरकारों ने यहां के लोगों को उन्माद, भय और भ्रष्टाचार की बजबजाती खाई में धकेल दिया है। भाजपा और भाजपा के रिश्तेदारों की अराजकता से आजिज आ चुकी यहां की जनता को अब कांग्रेस का विकास और उसकी मोहब्बत पसंद आ रही है। वहीं मणिपुर के लोगों को भाजपा के अत्याचार से पीड़ित देख मिजोरम के शांतिप्रिय लोगों ने भी भाजपा के सहयोगी (MNF) को सत्ता से बेदखल करने का प्रण ले लिया है।

सद्भाव और विकास में विश्वास रखने वाली मध्यप्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम की जनता ने कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताने का मन बना लिया है। वैसे मध्यप्रदेश की जनता ने 2018 में भी कांग्रेस को ही जिताया था, मगर सरकार चुराने में माहिर भाजपा ने राजनीतिक लाज-लिहाज का गला घोंटकर अपनी सरकार बना ली थी।

◙ आज मध्यप्रदेश में 'डबल इंजन की सरकार' महज 'घोटालों की सरकार' बनकर रह गई है। प्रदेश को लूटने में लिप्त शिवराज सरकार को महाकाल और नर्मदा मैया से भी डर नहीं लगा। भाजपा के 18 वर्षों के शासन में वहां दलितों, आदिवासियों और महिलाओं की दुर्गति हो गई। शिवराज सरकार की खोटी नीतियों ने प्रदेशवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। बच्चों के भविष्य का रास्ता बंद हो गया है। कर्ज लेकर खेती करने वाले किसानों की हालत खस्ता हो गई है, मगर निर्मम सरकार को उनकी कोई चिंता नहीं है। वहीं तेलंगाना केसीआर के भ्रष्टाचार से त्राहिमाम है। वहां के शिक्षित युवा नौकरी के लिए दर-बदर की ठोकरें खाने को विवश हैं। मुख्यमंत्री का ध्यान केवल इस बात पर है कि जनता के खून-पसीने से अर्जित हजारों करोड़ रुपये कैसे डकारे जाएं। वहां के अन्नदाता कितनी बुरी हालत में जीवन जीने को मजबूर हैं, यह मुख्यमंत्री को नहीं दिखता।

◙ आज मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण पूरा देश महंगाई की मार से जूझ रहा है। भाजपा अपनी नाकामी से ध्यान भटकाने के लिए तमाम नफरती प्रोपेगेंडा का सहारा ले रही है। नतीजतन, आज भाजपा शासित प्रदेशों और भाजपा के सहयोगियों की सरकार वाले प्रदेशों की स्थिति दयनीय है, यहां विकास और सद्भाव की जगह नफरत और उन्माद का बोलबाला है।

जबकि राजस्थान, छत्तीसगढ, हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस सरकार विकास की गंगा बहा रही है, लोगों को उनका अधिकार मिल रहा है। इन प्रदेशों में जनता को अपने हक के लिए मशक्कत नहीं करनी पड़ रही है, बल्कि उनके हिस्से की सरकारी सुविधाएं आसानी से उन तक पहुंच रही हैं। इन प्रदेशों की कांग्रेस सरकार समाज के वंचित वर्गों की सुरक्षा के लिए तमाम योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है।

◙ कांग्रेस के सत्ता में आते ही राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल और कर्नाटक की तरह मध्यप्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में भी जनता के कल्याण और प्रदेश के विकास की योजनाएं शुरू की जाएंगी। कांग्रेस के मोहब्बत और विकास वाले एजेंडे में जनता का विश्वास देश के लिए शुभ संकेत है, क्योंकि आने वाला लोकसभा चुनाव भी नफरत बनाम मोहब्बत और प्रोपेगेंडा बनाम विकास की लड़ाई का गवाह बनने जा रहा है। जनता के दुख-दर्द को कांग्रेस के अलावा कोई और नहीं समझ सकता। जनविरोधी भाजपा तो बिल्कुल नहीं। आज कांग्रेस शासित प्रदेशों की जनता अपनी सरकार से खुश है, सरकार जनता के हर दुख-सुख में जनता के साथ है।

अब इंतजार है मध्यप्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में विकास और मोहब्बत के बसंत का...